# गरीबो को मोहन निभाना पड़ेगा फ़िल्मी तर्ज भजन लिरिक्स

गरीबो को मोहन निभाना पड़ेगा,
अनाथों के स्वामी कहाना पड़ेगा।bd।

तर्ज – बहुत प्यार करते हैं।

---

पुकारे किसे हम ना कोई हमारा,
तुम्हारे सिवा अब ना कोई सहारा,
कृपा की नज़र से बुलाना पड़ेगा,
गरीबों को मोहन निभाना पड़ेगा,
अनाथों के स्वामी कहाना पड़ेगा।bd।

---

भटकते भटकते बहुत ही थके है,
व्याकुल हुआ मन कदम रुक चुके है,
चरण की शरण मे ले आना पड़ेगा,
गरीबों को मोहन निभाना पड़ेगा,
अनाथों के स्वामी कहाना पड़ेगा।bd।

---

रखोगे गरीबों की जो दीन हालत,
अमीरों सी रखना इनकी हिफाज़त,
तो हाँ कहके सीने से लगाना पड़ेगा,
गरीबों को मोहन निभाना पड़ेगा,
अनाथों के स्वामी कहाना पड़ेगा।bd।

---

हमारी नज़र से नज़र जब मिलेगी,
हर इक पल में करुणा हमको मिलेगी,
तो दो बूंद आंसू बहाना पड़ेगा,
गरीबों को मोहन निभाना पड़ेगा,
अनाथों के स्वामी कहाना पड़ेगा।bd।

---

भिखारी युगल प्रेम की भीख मांगे,
सकल मन से सेवक आशीष मांगे,
कृपा का खजाना लुटाना पड़ेगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गरीबो को मोहन निभाना पड़ेगा,
अनाथों के स्वामी कहाना पड़ेगा।bd।

**Singer – Mukesh Kumar Meena**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com